राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–195/2024

राजभवन में महिला इमदाद कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई

पटना, 22 सितम्बर, 2024 :– लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर की अध्यक्षता में राजभवन के सभागार में महिला इमदाद कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उन्होंने कमिटी के प्रत्येक सदस्य को एक–एक विद्यालय में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने, जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों की सहायता हेतु योजनाबद्ध ढंग से गाँवों को गोद लेने तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किट वितरित करने का निदेश दिया। उन्होंने माननीय राज्यपाल द्वारा शुरू किये गए अभियान 'आओ पुस्तक पढ़ें, पढ़े बिहार, बढ़े बिहार' के तहत बच्चों को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करने को भी कहा।

लेडी गवर्नर ने कहा कि महिला इमदाद कमिटी में विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखनेवाली महिलाएँ सदस्य हैं और उन्हें समाज की जरूरतों के बारे में गहरी समझ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में वे और बेहतर ढंग से कार्य करेंगी।

बैठक में कमिटी के मानद सचिव प्रो० पूनम चौधरी ने महिला इमदाद कमिटी के इतिहास, उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कमिटी द्वारा महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं बच्चों के लिए 25 फरवरी, 2024 से 27 जुलाई, 2024 तक किये गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। लेडी गवर्नर ने कमिटी के कार्यों की प्रशंसा की।

बैठक में महिला इमदाद कमिटी की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता मेहरोत्रा एवं डॉ० आशा सिंह के अतिरिक्त कमिटी के सदस्यगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि लेडी गवर्नर महिला इमदाद कमिटी, राजभवन, बिहार की पदेन अध्यक्ष होती हैं।

....